**T.Y.B.A.**

**HINDI**

**History of Hindi Literature**

**(PAPER – IV) (27/12/2017)**

**Q.P. Code :25618**

[समय: ३ घंटे] [ अंक: १००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना:
१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |
३) आई. डी. ओ. एल. (पत्राचार) के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर आई. डी. ओ. एल. (पत्राचार) अवश्य लिखें |

प्र.१ हिंदी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन एवं नामकरण पर विचार करिए | (२०)

**अथवा**

नाथ तथा जैन साहित्य का परिचय दीजिए |

प्र.२ भक्तिकाल में सूफी काव्य (प्रेमाख्यानक काव्य) की विशेषताओं की चर्चा कीजिए | (२०)

**अथवा**

राम भक्ति काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए |

प्र.३ रीतिमुक्त धारा की विशेषताओं की चर्चा कीजिए | (२०)

**अथवा**

रीतिबद्ध काव्य की विशेषताओं की चर्चा कीजिए |

प्र.४ प्रगतिवादी–काव्य की विशेषताओं की चर्चा कीजिए | (२०)

**अथवा**

हिंदी कहानी के विकास क्रम की चर्चा कीजिए |

प्र.५ (क) किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए | (१०)

१) सिद्ध साहित्य
२) द्विवेदी युग की राष्ट्रीयता

(ख) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (१०)

१) ‘चंदायन’ के रचनाकार का नाम लिखिए |
२) तुलसीदास ने किस महाकाव्य की रचना की ?
३) घनानंद किस काव्य-धारा के कवि हैं ?
४) ‘पुष्प की अभिलाषा’ का कवि कौन है ?

५) ‘रसवंती’ के रचनाकार का नाम लिखिए |

६) नानक किस काव्य धारा के कवि हैं ?

अ) सूफी काव्य आ) रामकाव्य

इ) संत काव्य ई) कृष्ण काव्य

७) भारत में भक्ति का स्त्रोत कहाँ से प्रस्फुटित होकर उत्तर भारत में आया ?

अ) पूर्व आ) पश्चिम

इ) सिंध ई) दक्षिण

८) कौन सा कवि ‘एक भारतीय आत्मा’ के नाम से प्रसिद्ध है ?

अ) रामनरेश त्रिपाठी आ) नरेन्द्र शर्मा

इ) माखन लाल चतुर्वेदी ई) पंत

९) प्रगतिवाद किस दर्शन से प्रभावित है?

अ) अस्तित्ववाद आ) मार्क्सवाद

इ) गाँधीवाद ई) मनोविश्लेषणवाद

१०) ‘पगडंडियों का ज़माना’ किस व्यंगकार का व्यंग्य संग्रह है ?

अ) गुलाब राय आ) शरद जोशी

इ) हरिशंकर परसाई ई) नरेन्द्र कोहली

*************

**T.Y.B.A.**

**HINDI**

**Post Independent Hindi Literature**

**(PAPER – V) (28/12/2017)**

**Q.P. Code :25435**

[समय: ३ घंटे] [ कुलअंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है |
2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |

**प्रश्न १** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या लिखिए : **(२७)**

क) मन का घाव हरा रखने को अनचाहा हँसना पड़ता है,
दीपक की खातिर अंगारा, अधरों में कसना पड़ता है,
आँखों का रोते रहने का खुद मैंने अधिकार दिया है,
सच को मैंने सुख की खातिर तजने से इनकार किया है |

**अथवा**

प्रतिभा पद को प्रणाम करते,
उठकर सुबह-सुबह जाती है
आने वाले युग का बोलो, कलाकार क्या उत्तर दोगे !
मिट्टी नोच राम के तन से, तुम रावण की मूर्ति गढ़ रहे |

ख) श्रद्धा एक सामाजिक भाव है, उससे अपनी श्रध्दा के बदले में हम श्रद्धेय से अपने लिए कोई बात नहीं चाहते |

**अथवा**

राम का जीवन साक्षात करुण रस है | वे ईश्वर की तरह अनासक्त, तटस्थ और महिमामय है, जो मनुष्य की तरह धीर, वीर, गंभीर है | स्निग्ध श्यामल करुणा है |

ग) निर्दयी था वह मोह का क्षण | उसका चला जाना तो पुरुष की सहज प्रकृति है | मनु चला जाता है, लेकिन श्रद्धा रह जाती है ... मोह का एक क्षण, जो जीवन को दुःख के अहाते से घेर देता है |

**अथवा**

जब विवेक सो जाता है. जब पतन का रास्ता बहुत सुन्दर लगने लगता है, शायद वही मोह का क्षण है |

**प्रश्न २** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(३६)**

क) 'रामावतार त्यागी प्रेम और विरह के कवि है' पठित कविताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'सागर से वह बात कहूँगा' कविता में समाज में फैले अवसर और स्वार्थपरता को कवि ने किस प्रकार व्यक्त किया है ?

ख) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध का उद्देश्य लिखिए |

**अथवा**

'वैष्णव की फिसलन' निबंध का व्यंग्य प्रस्तुत कीजिए |

ग) 'खजुराहो का शिल्पी' नाटक की समस्या लिखिए |

**अथवा**

'खजुराहो का शिल्पी' नाटक का मूल कथ्य स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ३** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए | **(१२)**

च) 'गीत जग भर के दुःखो की आत्मा है' कविता में कवि ने परोपकार के महत्त्व को' किस प्रकार प्रतिपादित किया है ?

**अथवा**

छ) 'कुटज' निबंध का उद्देश्य लिखिए |

**अथवा**

ज) 'खजुराहों का शिल्पी' नाटक के पात्रों का अंन्तर्द्वंन्द स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ४** निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **(१५)**

क) 'अपना अहं नहीं बेचूंगा' का कविता का भाव |

**अथवा**

'सभाएं बंद कर' कविता में व्यक्त कर्मठता |

ख) 'यथार्थ और आदर्श' निबंध का उद्देश्य |

**अथवा**

'सभ्यता का संकट' निबंध का मूल भाव

ग) राजा यशोवर्मन

**अथवा**

'खजुराहो का शिल्पी' नाटक की शिल्प योजना |

**प्रश्न ५** निम्नलिखितअति लघुतरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(१०)**

१) पानी को पुण्य कब मिलता है ?
२) कवि अपना अहं किसे नहीं बेचना चाहते है ?
३) कवि किसके पग पर शीश नहीं धरता है ?
४) कवि किसके हाथ का कंगन बनना चाहता है ?
५) धर्म की पहली पीढ़ी कौन सी है ?
६) 'कुटज' निबंध के लेखक का नाम लिखिए |
७) मानव कैसा प्राणी है ?
८) राजा की पालित कन्या कौन है ?
९) माधव कौन है ?
१०) 'खजुराहों का शिल्पी' नाटक में कितने दृश्य है ?

**************

**T.Y.B.A.**

**HINDI**

**Functional Hindi**

**(PAPER – VI) (29/12/2017)**

QP CODE : 25766

( ३ घंटे ) अंक : १००

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** है।
(२) उत्तर- पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।
(३) **आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार)** के विद्यार्थी **उत्तर–पुस्तिका** के मुखपृष्ठ पर **आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार)** अवश्य लिखें।
(४) आवश्यक स्थानों पर काल्पनिक नाम और पते का प्रयोग करे।

१. सामान्य हिंदी और साहित्यिक हिंदी का परिचय दीजिए। २०

**अथवा**

अनुवाद की परिभाषा देते हुए अच्छे अनुवादक के गुणों पर प्रकाश डालिए।

२. जनसंचार माध्यमों में समाचार पत्र की भूमिका स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

विज्ञापन की परिभाषा देते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

३. पत्रकारिता का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

'सूचना के अधिकार' का परिचय देते हुए उसकी उपयोगिता समझाइए।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। २०

(अ) नागसेन ग्रंथालय के ग्रंथापाल के नाते हंस प्रकाशन, नई दिल्ली को हिंदी पुस्तकों की सूची सहित क्रयादेश दीजिए।

**अथवा**

आपके मुहल्ले में सामाजिक तत्त्वों का बोलबाला बढ़ गया है इस बारे में महानगर निगम के अधिकारी से शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।

(आ) एक ऐतिहासिक स्थल पर फीचर लेखन कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

Shivaji, the Great, was born in 1627 at Shivneri, near Junnar. His mother Jijabai and his teacher Dadoji Kondeo, so brought him up that he become strong in body and mind. When he was twelve years old, his father Shahaji bestowed on Shivaji thirty six villages out of his Pune Jahagir. As he grow up Shivaji brought more areas under his rule. He maintained a strong and well organised army and navy.

५. प्रयोजन मूलक हिंदी का अर्थ और स्वरुप स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

कम्प्यूटर में हिंदी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

हहह-------------------

**T.Y.B.A.**

**HINDI**

**History of Hindi Literature**

**(PAPER – IV) (05/01/2018)**

**Q.P. Code :25619**

[समय: ३ घंटे] [ अंक: १००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: १) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |

२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |

३) आई. डी. ओ. एल. (पत्राचार) के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर आई. डी. ओ. एल. (पत्राचार) अवश्य लिखें |

प्र.१ रासो – साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए | (२०)

**अथवा**

आदिकालीन सिद्ध एवं नाथों के साहित्य का परिचय दीजिए |

प्र.२ संतो के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए | (२०)

**अथवा**

कृष्ण–भक्ति काव्य की प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए |

प्र.३ रीतिबद्ध काव्य की विशेषताओं का परिचय दीजिए | (२०)

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |

प्र.४ छायावाद की विशेषताओं का विवेचन करिए | (२०)

**अथवा**

हिंदी उपन्यास के विकास का परिचय कराइये |

प्र.५ (क) किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए | (१०)

१) सूफ़ी काव्य

२) प्रयोगवाद

(ख) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए | (१०)

१) हिंदी का प्रथम कवि किसे माना गया है ?

२) पुरुष प्रधान सामंती परंपरा को किस मध्ययुगीन कवयित्री ने चुनौती दी थी?

३) 'सरोज स्मृति' नामक रचना किस कवि ने की है ?

४) 'अँधेर नगरी' नाटक का लेखक कौन है ?

५) 'चिंतामणि' किसके निबंधों का संकलन है ?

६) 'बीजक' के रचयिता कौन है ?

अ) सूरदास आ) कबीरदास

इ) जायसी ई) दयाल

७) रीतिमुक्त धारा के कवि इनमें से कौन है ?

अ) बिहारी आ) देव

इ) घनानंद ई) पद्माकर

८) इनमें से कौन सा कवि छायावादी है ?

अ) हरिवंशराय बच्चन आ) जयशंकर प्रसाद

इ) अज्ञेय ई) धूमिल

९) 'अंधायुग' किसकी रचना है ?

अ) भारतेन्दु आ) नरेश मेहता

इ) धर्मवीर भारती ई) धूमिल

१०) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के नाटककार का नाम क्या है ?

अ) शंकर शेष आ) मोहन राकेश

इ) लक्ष्मी नारायण लाल ई) उदयशंकर भट्ट

*************

**T.Y.B.A.**

**HINDI**

**Post Independent Hindi Literature**

**(PAPER – V) (08/01/2018)**

**Q.P. Code :25434**

[समय: ३ घंटे] [ कुलअंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है |
2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |

**प्रश्न १** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या लिखिए : **(२७)**

क) याचक का आशीष लिए बिन
स्वर्ग नहीं मिलता दानी को
खाली पात्र किसी का अपनी प्यास बुझा कर भर देने से
मैंने अक्सर यह देखा है, मेरी गागर भर जाती है |

**अथवा**

दीपक बिक सकता है जिसका, अंतर ज्योर्तिमान नहीं है
पर अंगारे को खरीदना, दुनिया में आसान नहीं है
मेरे गीत रहें जीवन भर चाहे कारावास भोगते,
लेकिन मैं गुमराह स्वर्ग को अपनी कलम नहीं बेचूंगा |

ख) जब अपने आदर्श को अमूर्त और यथार्थ को एकांगी कर लिया, तब एक बौद्धिक उलझनों और निर्जीव सिद्धांतो में बिखरने लगा और दूसरा पाश्विक वृत्तियों की अस्वस्थ प्यास में पीड़ित होकर घिरे जल के समान दूषित हो जाता

**अथवा**

वास्तव में हमारे 'संकट' का एक रूप यह भी है कि दुनिया में शुद्ध जानकारी का निरे तथ्यों का इतना अंबार लग गया है | कभी कभी ऐसा जान पड़ता है कि इन्सान उसके नीचे दब जाएगा |

ग) किसी वस्तु का सच्चा आध्यात्म या अनुभव वस्तु में निहित सौंदर्य में ही होता है | सौंदर्य कभी अपावन नहीं होता | इसका सच्चा बोध हो जाने के बाद श्लील और अश्लील का भेद मन से समाप्त हो जाता है |

**अथवा**

समझौता करने वाला व्यक्ति हमेशा छोटा होता है | वह बहुधा दूसरो से या स्वयं से पराजित होता है | यदि कलाकार सचमुच महान होगा, तो उसे समझौता करने के लिए हम कभी विवश नहीं करेंगे |

**प्रश्न २** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(३६)**

च) 'एक भी आंसू न कर बेकार' कविता में कवि ने आत्मविश्वास का महत्त्व किस प्रकार स्पष्ट किया है ?

**अथवा**

'सागर से यह बात कहूंगा' कविता का केन्द्रीय भाव प्रस्तुत कीजिए |

छ) 'कुटज' निबन्ध का उद्देश स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

लेखक निर्मल वर्मा के अनुसार सवांद की मर्यादाए लिखिए |

ज) ‘खजुराहो का शिल्पी’ की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए|

**अथवा**

‘खजुराहो का शिल्पी’ नाटक में चित्रित पात्रो का अंन्तर्द्वंन्द स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए| **(१२)**

क) कवि रामावतार त्यागी के अनुसार जिन्दगी किन पारिस्थितियों में आरंभ होती है ?

**अथवा**

ख) ‘श्रद्धा भक्ति’ निबंध का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए|

**अथवा**

ग) ‘खजुराहों का शिल्पी’ नाटक के माध्यम से कवि ने आधुनिक जीवन की समस्या पर विचार किया है, विवेचन कीजिए|

प्रश्न ४ निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए : **(१५)**

क) ‘जब मिलेगी रोशनी मुझसे मिलेगी’ कविता का संदेश|

**अथवा**

‘मौलिक सपने भटक रहे है’ कविता का कथ्य|

ख) ‘राघव : करुणो रस:’ निबंध का भाव| **अथवा**

‘वैष्णव की फिसलन’ निबंध का व्यंग्य|

ग) कवि माधव **अथवा**

‘खजुराहो का शिल्पी’ नाटक की सवांद-योजना|

प्रश्न ५ निम्नलिखितअति लघुतरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(१०)**

१) सभ्यता किसके संकेतो पर नाच रही है ?

२) कवि किन तूफानों से डरता है ?

३) कवि किसके हाथ का कंगन बनना चाहता है ?

४) श्रद्धा में कितने पक्ष होते है ?

५) हमारे चारों और एक कौन-सा जगत है ?

६) ‘कुट’ किसे कहते है ?

७) ‘खजुराहो का शिल्पी’ के नाटककार का नाम लिखिए|

८) राजा यशोवर्मन की पत्नी का नाम लिखिए|

९) राजा की पालित कन्या कौन है ?

१०) शिल्पी का प्रतिदर्श कौन बनता है ?

************

**T.Y.B.A.**
**HINDI**
**Functional Hindi**
**(PAPER – VI) *(09/01/2018)***

**QP CODE : 25763**

**( ३ घंटे )** **अंक : १००**

**सूचना :** (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** है।
(२) उत्तर- पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।
(३) **आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार)** के विद्यार्थी **उत्तर–पुस्तिका** के मुखपृष्ठ पर **आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार)** अवश्य लिखें।
(४) आवश्यक स्थानों पर काल्पनिक नाम और पते का प्रयोग करे।

१. सामान्य हिंदी और साहित्यिक हिंदी का सामान्य परिचय दीजिए। २०

**अथवा**

पत्रकारिता की परिभाषा देते हुए पत्रकारिता की विशेषताओं का परिचय दीजिए।

२. रेडियो में प्रयुक्त हिंदी के स्वरुप पर प्रकाश डालिए। २०

**अथवा**

विज्ञापन का स्वरुप बताते हुए विज्ञापन का महत्व बताइए।

३. अनुवाद की परिभाषा देते हुए अनुवाद का महत्व बताइए। २०

**अथवा**

'सूचना का अधिकार' की उपयोगिता समझाइए।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। २०

(अ) जीवन बीमा निगम के महाप्रबंधक सभी अधिनस्थ कार्यालयों को अपने बदले हुए समय की सूचना परिपत्र द्वारा दे रहे हैं। परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

**अथवा**

बांद्रा स्टेशन की ओर जानेवाले रास्ते की कचरा-पेटी से कचरा न उठाए जाने की शिकायत करते हुए महानगरपालिका के वार्ड अधिकारी को पत्र लिखिए।

(आ) घरेलू हिंसा की समस्या पर फीचर तैयार कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

आज जीवनात स्तुती करण्याच्या कलेत प्रविण असणे आवश्यक झाले आहे पण स्तुती करण्यासारखे काहीच नसताना दुसऱ्या माणसाविषयी बोलाव याचेच तर ते काही चांगले बोलावे, हाच उदात्त आणि सह्दय हेतू माणसाचा असावयास हवा. परंतू यांच्या बरोबर उलट प्रकारची माणसे जगात अधिक असतात जी कोणाबद्दल ही कधीही चांगले बोलत नाही व जेव्हा प्रशंसा करतात तेव्हा ती स्वार्थाने काहीतरी साध्य करण्यासाठी असते त्यामुळेच आज सगळीकडे स्तुतीपाठक अधिक दिसतात.

५. फिल्म में प्रयुक्त हिंदी के स्वरुप पर प्रकाश डालिए। २०

अथवा

कम्प्यूटर का सामान्य परिचय देते हुए उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

ह्ह्ह-----------------